# मुख्यमंत्री आज करेंगे मप्र एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश के उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने और निर्यात क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गुरुवार, 5 नवंबर को कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश एक्सपोर्ट एंड एफटीए कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे।

मध्यप्रदेश शासन द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के सहयोग से आयोजित इस कॉन्क्लेव में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप सहित केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी, निर्यात संवर्धन परिषदों के प्रतिनिधि तथा प्रमुख निर्यातक शामिल होंगे।

कॉन्क्लेव में मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से प्रदेश के निर्यातकों को उपलब्ध नए अवसरों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही शुल्क रियायतों का लाभ उद्यमियों तक पहुंचाने, निर्यात प्रक्रियाओं को समझने और नए व्यापारिक साझेदार विकसित करने पर चर्चा होगी।

मुख्यमंत्री प्रदेश के निर्यातकों के लिए मध्यप्रदेश एफटीए कार्ययोजना 2026-27, निर्यातक मार्गदर्शिका, एफटीए हेल्पडेस्क, एमपी ट्रेड पोर्टल का एफटीए मॉड्यूल और एफटीए एक्सेलेरेटर का शुभारंभ करेंगे। कॉन्क्लेव में वस्त्र, फार्मास्यूटिकल्स, इंजीनियरिंग, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न उद्योगों के प्रतिनिधि निर्यात संभावनाओं पर चर्चा करेंगे।

ब्रिटेन, संयुक्त अरब अमीरात और ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौतों का लाभ लेने वाले उद्यमी अपने अनुभव साझा करेंगे।

निर्यातकों को वित्तीय सहायता, बीमा, गुणवत्ता प्रमाणन और लॉजिस्टिक्स संबंधी मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। एक जिला-एक उत्पाद प्रदर्शनी में प्रदेश के विशिष्ट उत्पादों और पारंपरिक शिल्प का प्रदर्शन होगा। इससे स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में मदद मिलेगी।

## जनसुविधा और विकास कार्य समय-सीमा में पूर्ण करें : अभिषेक सिंह

**नप्र, भोपालः** नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर अपर आयुक्त (सिविल) अभिषेक सिंह ने बुधवार को निगम मुख्यालय अटल भवन में यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जनसुविधा और विकास से जुड़े सड़क संधारण, मरम्मत, पुनर्निर्माण तथा लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में कायाकल्प, एनकैप, मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना सहित विभिन्न योजनाओं और विधायक निधि एवं अन्य निधियों से किए जा रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। सिंह ने लंबित, स्वीकृत और प्रस्तावित कार्यों की जानकारी लेते हुए अब तक शुरू नहीं हुए कार्यों के कारण भी पूछे। अपर आयुक्त ने सभी प्रचलित कार्य निर्धारित समय-सीमा में मानक गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। उन्होंने अमृत योजना के तहत किसी कारण से रुके कार्यों की बाधाएं दूर कर उन्हें दोबारा शुरू कराने के निर्देश दिए। साथ ही विकास कार्यों की प्रगति पीएमआईएस पोर्टल पर समय पर अपडेट करने को कहा बैठक में अधीक्षण यंत्री आर.आर. जरोलिया सहित यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री, सहायक यंत्री और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वदेशी अपनाना आत्मनिर्भरता और समृद्धि का मार्ग : राज्यपाल



**राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्वदेशी विचार को व्यवहार में उतारना आर्थिक आत्मनिर्भरता और समृद्धि का मार्ग है। इसके लिए दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति स्वदेशी उत्पादों से करने का संकल्प लेना होगा। स्वदेशी की भावना आत्मनिर्भर भारत से विकसित भारत के संकल्प का सशक्त आधार है।

राज्यपाल बुधवार को मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में आयोजित स्वदेशी मेले के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्हें गाय के गोबर से बनी घड़ी भेंट की गई। सांसद दर्शन सिंह चौधरी सहित अन्य अतिथि मंचासीन रहे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वदेशी भावना मजबूत हुई है। 'वोकल फॉर लोकल' अभियान ने महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को नई ऊंचाइयां दी हैं। उन्होंने स्व-सहायता समूहों की महिलाओं के अनुभव साझा करते हुए कहा कि स्वदेशी अपनाना सामाजिक और आर्थिक बदलाव को गति देता है। कार्यक्रम की शुरुआत राज्यपाल ने मेले में भगवान गणेश की उपासना और भारत माता, दीनदयाल उपाध्याय तथा दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्रों पर दीप प्रज्ज्वलित कर की।

## शिक्षा की अलख जगा रहीं 70 शिक्षिका दीदियों का सम्मान



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** सेवा भारती नानक एवं शंकराचार्य मंडल की ओर से दीपावली के अवसर पर सेवा बस्तियों में बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रहीं 70 निरीक्षिका एवं शिक्षिका दीदियों का सम्मान किया गया। योग केंद्र, बाजपेई नगर में आयोजित कार्यक्रम में सभी को मिठाई, पटाखे, वस्त्र, फल और मानदेय भेंट किए गए।

कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह सोलंकी, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राज नारायण अग्निहोत्री, महानगर अध्यक्ष शिवमंगल सिंह, पीपुल्स ग्रुप के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित पंडित, सोनू दांगी और विभाग समन्वयक करण सिंह उपस्थित रहे।

सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि शिक्षिका दीदियां सीमित संसाधनों में बच्चों के भविष्य को संवारने का सराहनीय कार्य कर रही हैं। उनका सम्मान समाज की कृतज्ञता और सेवा भावना के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम है।

महानगर मीडिया प्रभारी भगवान दास ढालिया ने बताया कि सेवा भारती का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य की नींव तैयार करना है।

## नगर निगम ने वार्ड 51 और 52 में क्षतिग्रस्त सड़कों का किया सुधार

**नप्र, भोपालः** नगर निगम द्वारा नागरिक सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में निगम के यांत्रिक विभाग ने वार्ड 51 और 52 के विभिन्न क्षेत्रों में सड़कों का पुनर्निर्माण कराया है। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर जोन क्रमांक 6 के अंतर्गत वार्ड 51 के आकृति इकोसिटी क्षेत्र में एन-कैप योजना के तहत सीमेंट कंक्रीट सड़क का निर्माण कराया गया। इससे आकृति रिट्रीट, वर्ल्ड वे स्कूल, री-लाइफ पार्क, वर्ज टावर, आकृति गोल्ड विला और मेरिडियन अपार्टमेंट सहित आसपास के क्षेत्रों के रहवासियों तथा विद्यार्थियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत वार्ड 52 के गौतम नगर क्षेत्र में बारिश और सीवेज लाइन बिछाने के कारण क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण कराया गया।

## निशातपुरा रेलवे स्टेशन की बदहाली का मुद्दा सांसद ने उठाया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा आयोजित सांसदों की बैठक में सांसद आलोक शर्मा ने निशातपुरा रेलवे स्टेशन की बदहाल व्यवस्थाओं, यात्री सुविधाओं की कमी और ट्रेनों के ठहराव से जुड़े मुद्दे प्रमुखता से उठाए।

सांसद ने अपने लिखित सुझावों में बताया कि निशातपुरा स्टेशन पर गंदगी और धूल के कारण यात्रियों को परेशानी होती है। स्टेशन पर स्टेशन उप प्रबंधक की पदस्थापना नहीं हुई है और वाणिज्य विभाग के अधिकारी भी नियमित रूप से उपलब्ध नहीं रहते। टिकट खिड़की होने के बावजूद टिकट विक्रेता सीमित समय तक ही उपलब्ध रहते हैं। उन्होंने स्टेशन पर पर्याप्त अधिकारियों और कर्मचारियों की पदस्थापना, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त करने की मांग की। सांसद शर्मा ने भोपाल-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस का रानी कमलापति स्टेशन पर ठहराव करने तथा निजामुद्दीन-बेंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 22692) का ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया, ताकि नए भोपाल के यात्रियों को सुविधा मिल सके। उन्होंने निशातपुरा स्टेशन के बाहर स्थित सेंट्रल वेयरहाउस कॉर्पोरेशन के गोदामों को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग भी दोहराई। साथ ही स्टेशन तक पहुंचने के लिए एप्रोच रोड बनाने, शहर से बेहतर कनेक्टिविटी, पर्याप्त ऑटो रिक्शा, पेयजल और टूटे नलों की मरम्मत कराने की मांग की।

## सेवा सदन अस्पताल में 10 नवंबर तक 24 घंटे मिलेगी आपातकालीन नेत्र चिकित्सा सेवा



**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** दीपावली के अवसर पर 6 से 10 नवंबर 2026 तक सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर में 24 घंटे आपातकालीन नेत्र चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी।

पर्व के दौरान पटाखों से आंखों में चोट लगने की आशंका को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने रात के समय भी डॉक्टरों और चिकित्सा कर्मचारियों की विशेष तैनाती की है, ताकि जरूरतमंद मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। वर्ष 2015 से 2025 तक दीपावली के अवसर पर भोपाल और आसपास के क्षेत्रों से आतिशबाजी के कारण आंखों में चोट लगने वाले अनेक मरीज उपचार के लिए सेवा सदन पहुंचे थे। समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराने और मरीजों की दृष्टि सुरक्षित रखने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन हर साल यह विशेष व्यवस्था करता है।

## संत नगर में गूंजी हनुमान चालीसा, 51 हजार पाठों का संकल्प पूर्ण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** नुक्कड़ वाली माता मंदिर, संतनगर में श्री हनुमान जी महाराज के अखंड धार्मिक अनुष्ठान और 51 हजार संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ के महासंकल्प का एक वर्ष पूर्ण होने पर महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुफा मंदिर के महंत रामप्रवेश दास जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। महंत रामप्रवेश दास जी ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से सभी यहां एकत्रित हुए हैं। सनातन धर्म की रक्षा और समाज की एकजुटता के लिए धर्मप्रेमियों को मिलकर आगे आने की आवश्यकता है। इस अवसर पर नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष कैलाश मिश्रा, संस्कार स्कूल की सचिव बसंती चेलानी, कथा व्यास आचार्य राजीव लोचन शास्त्री, राम मोहन तिवारी, मनोज शास्त्री, निधि किशोरी, आचार्य लेखराज शर्मा, पंडित मिथुन शर्मा, अखिलेश शर्मा और मुदित शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# संस्कार विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने रामायण नाटिका से सजाया दीपोत्सव




**नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः** संस्कार विद्यालय में मॉन्टेसरी वर्ग के विद्यार्थियों को दीपावली के पर्व और उसके सांस्कृतिक महत्व से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नन्हे-मुन्नों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत रामायण पर आधारित नाटिका और नृत्य प्रस्तुतियों से हुई। छोटी उम्र के बच्चों की प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों को बाल्यावस्था से ही भारतीय संस्कृति और हिंदू पर्वों के महत्व से अवगत कराया जाता है, ताकि वे अपनी जड़ों और संस्कृति को पहचान सकें। संस्था अध्यक्ष सुशील वासवानी ने कहा कि विद्यालय का प्रयास बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ सनातन संस्कृति से जोड़ना है। उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

संस्था के कोषाध्यक्ष चन्दर नागदेव ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य आर.के. मिश्रा, प्रधानाचार्या मृदुला गौतम, मॉन्टेसरी प्रभारी प्रियांषी आडवानी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने शकुंतला देवी की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मानव कंप्यूटर के रूप में प्रख्यात गणितज्ञ शकुंतला देवी की जयंती पर नमन कर उनके योगदान को याद किया।


### कार्यालय प्राचार्य, वीर सावरकर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

पचोर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Website : http://www.mp.gov.in/highereducation/gcpachore,

E-mail address : hevsgcpacraj@mp.gov.in

क्रमांक 1295/स्था/2026 पचोर, दिनांक 04.11.2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

SC/ST के विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी क्रय हेतु GEM पोर्टल पर Bid जारी की गई है। BID No. : GEM/2026/B/8240149 का अवलोकन कर निविदा में भाग लिया जा सकता है। सभी शर्ते बिड में दर्शित हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Start Date | 04.11.2026 |
| 2. | End Date | 26.11.2026 |

म.प्र. माध्यम/128961/2026 प्राचार्य

### MADHYA PRADESH JAL NIGAM

(A Govt of Madhya Pradesh Undertaking)

8, Arera Hills, Bhopal-462004

Web. : mpjalnigam.mp.gov.in, E-mail : mpjalnigam@mp.gov.in

CIN - U41000MP2012SGC028798

NIT No. 14-15/Proc./MPJN/2026-27 Bhopal, Dated : 02.11.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER**

Madhya Pradesh Jal Nigam, Bhopal invites Online percentage rate bids for the following work are invited from firms of repute fulfilling the eligibility criteria, specified in the tender document through Madhya Pradesh Government E-Procurement Portal.

| NIT No. | Description of Work | PAC (Rs. Lakh) | EMD (Rs.) | Document Fee (Rs.) | Duration (months) |
|---|---|---|---|---|---|
| 14. | Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) for One (01) Existing Passenger Lift Installed at the Main Building, MP Jal Nigam Head Office, Bhopal. | 1.75 | 3,500 | 1,000 | 12 Months |
| 15. | Comprehensive Annual Maintenance Contract (CAMC) of One (01) Existing Passenger Lift at the Rear-Side Building-II, Madhya Pradesh Jal Nigam Head Office, Bhopal | 1.75 | 3,500 | 1,000 | 12 Months |

Interested bidders can view/download/purchase the bid document online from M.P. Government E-Procurement Portal from **11.11.2026, 17:30 Hrs.** Bidding process dates mentioned as critical dates on M.P. Government E-Procurement Portal will be applicable. Corrigendum/Addendum in NIT, if any, would be published on portal only and not in newspapers.

**M.P. Government E-Procurement Portal - https://mptenders.gov.in**

M.P. Madhyam/128950/2026 **MANAGING DIRECTOR**

### न्यायालय नायब तहसीलदार नजूल वृत्त टी.टी. नगर भोपाल

क्रमांक 883/प्रवा/टी.टी. नगर वृत्त/2026

**संपत्ति के नीलामी की सार्वजनकि सूचना**

**नियम 6 देखिये**

**(अंतर्गत मध्य प्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग)**

**दिनांक 16/10/2026**

रेरा का प्रकरण क्रमांक N-BPL-18-0335 एवं अन्य राजस्व प्रकरण क्रमांक 08/3-76/2021-22 एवं क्रमांक 02/3-76/2025-26

स.क्र.,संपति का विवरण, गाइड लाइन मूल्य, संपति का मूल्य,अमानत राशि,प्रक्रिया शुल्क,तहसीलदार के खाते की जानकारी 1.ग्राम गौरा स्थित खसरा नंबर 40/1/2/1 रकबा 11688., कार्यालय वरिष्ठ पंजीयक का पत्र क्रमांक 50 दिनांक 15.05.26, रुपये 8620000/-रुपये एवं 8,18,900 रुपये स्टाम्प ड्यूटी जो बोलीदार वहां करेंगे 8,62,000/-रुपये,25,000, A/C NO 498702010065503 IFSC CODE UBIN0549878 कार्यालय नजूल अधिकारी राजधानी परियोजना टी टी नगर का खाता कुल राशि 86,20,000 / लाख (छयासी लाख 20 हजार) एवं राशि 25,000/- (पच्चीस हजार) प्रक्रिया शुल्क अतिरिक्त सम्पत्ति के नीलामी का स्थानः न्यायालय तहसीलदार टी टी नगर, शेड नम्बर 6, 12 दफ्तर जवाहर चौक भोपाल नीलामी का दिनांकः 06/11/2026 समयः 2 बजे से नीलामी समाप्ति तक नीलामी की शर्ते 1. सफल बोलीदार को नीलामी के 7 दिवस के भीतर सम्पूर्ण राशि का भुगतान किया जाना अनिवार्य है। 2. नीलामी प्रारम्भ होने से पूर्व भूमिस्वामी द्वारा बकायेदारो का भुगतान किये जाने पर बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तत्काल प्रभाव से रोक दी जायेगी। 3. प्रथम सफल बोलीदार के द्वारा के भीतर सम्पूर्ण भुगतान नहीं किये जाने पर द्वितिय सफल बोलीदार के बोली पर विचार किया जाकर निर्णय लिया जायेगा। 4. खरीद दार को पंजीयन शुल्क प्रथक से देय होगा। 5. नीलामी में भाग लेने के इच्छुक बोलीदार दिनांक 12./10/2026 समयः प्रातः 12 के पूर्व न्यायालय नायब तहसीलदार टी नगर, शेड नम्बर 6. 12 दफ्तर जवाहर चौक भोपाल में प्रातः 10 बजे से 6 बजे के मध्य अमानत राशि तथा प्रक्रिया शुल्क इस प्रकार कु 86,20,000/-रुपये मात्र का डिमांड ड्राफ्ट जमा कर रशीद प्राप्त कर सकेंगे, अमानत राशि के डिमांड ड्राफ्ट के बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। 7. किसी भी लिपिकीय त्रुटी अथवा किसी प्रक्रियात्मक त्रुटी के कारण नीलामी बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त की सकेगी। 8. नीलामी का इच्छुक बोलीदार सादे कागज में तहसीलदार के नाम से आवेदन, आवेदन मूल प्रति में आवेदक अथवा आवेदक अभिभाषक के माध्यम से मूल आवेदन, डीमांड ड्राफ्ट मूल, आधार कार्ड के प्रति, इस आशय का शपथ पत्र कि वह नीलामी सभी विन्दुओ को पढ़ चुका है एवं सहमत है के साथ ही स्वीकार होंगे। 9. संपति की पहचान हेतु इच्छुक बोलीदार पटवारी थी उज्जवल उपाध्याय अथवा राजस्व निरीक्षक थी तुशार मी 9826539370 की संपर्क कर सकते है।

**नायब तहसीलदार**

**टी.टी. नगर वृत्त राज. परि.टी.टी. नगर भोपाल**

3058

### मुख्यालय राज्य आपदा आपातकालीन मोचनबल मध्यप्रदेश

**नूरबाग कैम्पस, पुलिस ऑफीसर मैंस के सामने जहाँगीराबाद, भोपाल**

क्र/70/आ.प्र./2026 भोपाल, दिनांक. 04.11.2026

**ई-निविदा सूचना**

मुख्यालय, राज्य आपदा आपातकालीन मोचन बल मध्यप्रदेश, पुलिस ऑफीसर मैस के सामने, भोपाल द्वारा नीचे दर्शित तालिका अनुसार आनलाईन ई-निविदा https:// https://gem.gov.in पर आमंत्रित की जाती है।

| स.क्र. | सामग्री का नाम | बिड क्रमांक/दिनांक | संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | वाकी-टाकी | जैम/2026/बी/8230297 दिनांक 04.11.26 | 260 |

उक्त निविदा के संबंध में जानकारी होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा तथा आपदा प्रबंधन मध्यप्रदेश की वेबसाइट (www.homeguard.mp.gov.in) पर निविदा प्रपत्र एवं विस्तृत जानकारी डाउनलोड की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड प्रारम्भ करने की तिथि | : | 04/11/2026 |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की प्रारम्भ तिथि | : | 04/11/2026 |
| ऑनलाईन निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | : | 25/11/2026 |
| निविदा खोलने की तिथि | : | 26/11/2026 |

**संभागीय सेनानी, एसडीईआरएफ म.प्र. भोपाल**

**जी-21084/26**

### मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

**दूरभाष क्र.-0755-2512077, 2512076**

**क्रमांक : एफ 2/2/11/0002/12-1/नाजिर/2639** **भोपाल, दिनांक 30/10/2026**

**तृतीय ई-निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश मंत्रालय में मान. मुख्यमंत्री/मंत्रीगण/अधिकारियों एवं मंत्रालय में संचालित विभिन्न विभागों के शासकीय उपयोगार्थ नाजिर शाखा से संबंधित सामग्री क्रय करने हेतु ऑनलाईन तृतीय ई-निविदा, ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है :-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रूपये 1000/-+प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2 | निविदा फार्म ऑनलाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि एवं समय | दिनांक 03/11/2026 को अपरान्ह 12:00 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 25/11/2026 अपरान्ह 12:00 बजे तक। |
| 4 | निर्धारित समयावधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड-दिनांक 27/11/2026 को अपरान्ह 01:00 बजे<br>2. फायनेंशियल बिड- दिनांक 27/11/2026 को अपरान्ह 01:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाओं को खोलने का स्थान/निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक 116 (समिति कक्ष) वल्लभ भवन क्रमांक-01, भोपाल |

ई-निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेगें। निविदा की विस्तृत शर्ते एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**(मनोज श्रीवास्तव)**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग**

**जी-21050/26**

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा एक किता पक्का आर.सी.सी का छतदार आवासीय एक मंजिला मकान, भूखण्ड क्रमांक-60 पर निर्मित खसरा क्रमांक-428/1 का अंश भाग, दीपक गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित, भोपाल द्वारा विकसित कालोनी 'दीपक नगर', जो कि ग्राम-बावडियाकलां (मुख्य मार्ग से अन्दर) तहसील कोलार (पुरानी हुजूर), जिला भोपाल में नगर पालिक निगम की सीमाओं के अन्दर में वार्ड क्रमांक-53 स्थित है। यह कि उपरोक्त वर्णित मकान मय भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल-7.62X12.20=92.93 वर्गमीटर (1000 वर्गफीट) है, जिसमें भूतल पर निर्मित मकान का क्षेत्रफल 55.75 वर्गमीटर है एवं प्रथम तलपर निर्मित मकान का क्षेत्रफल-55.75 वर्गमीटर है जिसको की मेरे पक्षकार द्वारा क्रय किया जा रहा है, जिसका अनुबंध मे मेरे पक्षकार ने बयाना राशि का भुगतान कर दिया गया है। जो कि विक्रेता श्रीमती कुसुमलता तिवारी आयु-लगभग 76 वर्ष पत्नी श्री कृष्णावल्लभ तिवारी निवासी नम्बर-13, कोठी बाजार, रेस्ट हाउस के सामने, जिला-होशंगाबाद, के स्वत्व, स्वामित्व एवम आधिपत्य की सम्पत्ति है। यह कि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति की लेनदारी, सरकारी, गैरसरकारी, बैंक, वितीय, संस्थान कही बंधक या कर्ज में लिप्त हो तो इस प्रकाशन के 7 दिवस में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। मेरे कार्यालय में आपत्ति मय सबूत के दर्ज कराये, अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति की रजिस्ट्री करा ली जाबेगी, प्रकाशन के 7 दिवस के बाद दाबा आपत्ति मान्य नही होगी। सभी सूचित हो।

**SUNIL AND RASHMI SHRIVASTAVA (ADVOCATE)**
**UMA- RAMA LAW CHAMBER NO. 17|, ISBT BUS STAND, BHOPAL (M.P.) M.P.**
**Mo. 9893258057**

3057

### जाहिर सूचना

**ग्राम सेमरा प.ह.नं. 7 तहसील रायसेन जिला रायसेन म.प्र.**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्थित ग्राम सेमरा प.ह.नं. 07 तहसील रायसेन जिला रायसेन खसरा नं. 160/1/1/3 रकबा 0.2780 हेक्टेयर भूमि स्वामी प्रेमनारायण विश्वकर्मा आ. श्री काशीराम विश्वकर्मा निवासी वार्ड न. 32 गली नम्बर 2 चन्द्रशेखर आजाद मार्ग सुभाष नगर विदिशा कृषक ग्राम सेमरा तहसील व जिला रायसेन म.प्र. से मेरे पक्षकार ने भूमि क्रय करने हेतु ब्याना राशि अदा कर दी है तथा उक्त वर्णित कृषि भूमि का अनुबंध मेरे पक्षकार ने अपने पक्ष में करा लिया है। यह कि यदि उक्त भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक फायनेन्स, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय कार्यालय एवं वन विभाग कार्यालय आदि को किसी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित भूमि कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक, बसीयत, गिरवी, रहन, मुख्तारनामा, हिबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि में प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे सॉची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन सर्विस प्रोपराईटर श्री रामकुमार साहू के यहाँ मय दस्तावेज सहित उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त वर्णित भूमि का अनुबंध-पत्र /पंजीयन/रजिस्ट्री करा ली जावेगी, समय व्यतीत होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति अमान्य समझी जावेगी उस पर किसी प्रकार का कोई विचार नही किया जावेगा।

**( रामकुमार साहू )**
**सर्विस प्रोपराईटर प्रिंस कार्यालय तहसील कार्यालय के पीछे साँची रोड वार्ड नं. 9 रायसेन**
**मो.नं. 9977120151**

3056

### कार्यालय सम्पदा अधिकारी

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, प्रक्षेत्र-2,अयोध्या नगर, भोपाल**

**आम सूचना**

ऐशबाग हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी भोपाल में भवन/फ्लैट क. जूनियर एम.आई.जी. 13 (भूतल) मण्डल द्वारा श्री भंवरलाल जैन आत्मज श्री केशरीमल जैन के नाम पर भाड़ाक्रय खरीद करार के आधार पर आवंटन आदेश क्र. 8474 दिनांक 29/09/1988 को आवंटित किया गया है। श्री भंवरलाल जैन आत्मज श्री केशरीमल जैन (दादा जी) की दिनांक 31/12/1990 एवं श्रीमती सजन बाई पत्नी स्व. श्री भंवरलाल जैन (दादी जी) की दिनांक 29/04/2010 को मृत्यु होने के उपरांत उनके पोते श्री रचित जैन आत्मज श्री शिखर चन्द जैन के द्वारा उक्त संपत्ति को अपने एकल नाम पर नामान्तरण करने हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, मूल आवंटी के अन्य वारिसों का अनापत्ति शपथ-पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं मण्डल प्रारूप में आवेदन पत्र प्रस्तुत किए गए है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति श्री रचित जैन आत्मज श्री शिखर चन्द जैन के एकल नाम से नामान्तरण हेतु प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो ता 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

3055

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार DMI हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड भोपाल शाखा प्रबंधक महोदय के बताये गये दिशा-निर्देशानुसार व उपलब्ध करवाये गये दस्तावेजो के अनुसार 1. श्रीमती संगीता मालवी पत्नी श्री मनोज मालवी व 2. श्री संकेत मालवी आत्मज मनोज मालवीय के स्वत्व स्वामित्व व अधिपत्य का किता सिंगल स्टोरी मकान जो कि प्लाट न. 37, व 38, पर निर्मित है, जिसका कुल एरिया 900 वर्गफिट हैं जो कि खसरा क्र. 123/1/1, स्थित पलासी बायपास रोड, वार्ड न. 75, नगर निगम सीमा के अंदर स्थित है। इस संपति को श्रीमति सौरभ बाई उर्फ सोरम बाई पत्नी श्री विश्राम सिंह से संगीता मालवीय व श्री संकेत मालवीय द्वारा रजि. विक्रय पत्र द्वारा दिनांक 16/12/2022, को क्रय की गई थी जिसका ई. पंजीकरण MP059692022A1125 4424 पर सब-रजि. कार्यालय भोपाल में पंजीबद्ध हैं । इस संपति से पूर्व की लिंक रजिस्ट्री जो कि सोरम बाई के नाम पर पंजीबद्ध हैं जिसका रजि. पंजीयन क्रमांक बुक क्रमांक ग्रंथ न. -357596 दस्तावेज क्र. 8/6381 दिनांक 09/03/2011 पर पंजीबद्ध है। यह रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। जिस सम्बन्ध में सूचना सम्बन्धी स्वीकृति थाना प्रभारी महोदय से प्राप्त कर ली गई हैं। उस संपत्ति डी.एम.आई हाउसिंग फायनेस लि. में बंधक रखी जा रही हैं, उक्त सम्पत्ति का किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियो, या नामांतरण, क्रय-विक्रय सम्बन्धी अन्य उत्तराधिकारियो का किसी भी प्रकार से कोई हित हो तो, या किसी संस्था संस्थाओ, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक या वित्तीय संस्थान या संस्था, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, विभाग, बैंक या, सोसायटी या अन्य किसी भी कार्यालय, या अन्य किसी भी व्यक्ति का कोई हित हो या किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो, तो लिखित दस्तावेज आगामी 07 दिवस में मेरे कार्यालय या मोबाईल न. पर संपर्क कर प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य रहेगी।

**ANAMIKA NATH, ADVOCATE**
**OFFICE cum Resi. H.No.29, Satakshi Garden, Khajuri Kalan Road, Piplani, Bhopal (M.P.)402022 Mob.9039026897**

3054

### परिशिष्ट B-संख्यांक 13

**जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल मैक ट्रिब्यूनल,भोपाल**

(नोटिस प्रकाशन हेतु उत्तराधिकार)

एमजेसी एसयूसी/182/2026

श्रीमती समरीन फारूखी बनाम भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई

NEXT DATE 07-12-2026

**प्रेषिती-** सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती समरीन फारूखी पता जी-201, द्वीतीय तल ब्लाक जी, ईस्ट सैफायर, सेक्टर 45, नोयडा, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश वर्तमान पता-काटेज नंबर-3.,मोहसिन मंजिल अहमदाबाद पेलेस रोड, भोपाल म.प्र. ने मृतिका सनोवर फारूखी w/o डॉ. जियाउलद्दी फारूखी D/o सैयद अजीज अहमद पिता B-117, राजीव बरार, कल्याणपुर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश का भारतीय स्टेट बैंक की शाखा जहॉगीराबाद, भोपाल में स्थित लाकर क्रमांक 92 राशि/संपति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07-12-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 07-12-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 08-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**जयंत शर्मा,न्यायाधीश**
**बारहवें जिला न्यायाधीश जिला भोपाल (म.प्र.)**

3053